# प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

## जनपद शाहजहाँपुर

**दिनांक – 07.08.2026**

## थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा महिला से छिनैती एवं मारपीट के मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, नगद रुपये बरामद।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 06.08.2026 को वादिनी द्वारा थाना सदर बाजार पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 419/26 धारा 126(2)/74/115(2)/352/351(3)/309(4) बीएनएस बावत अभियुक्त नवेद उर्फ काशिफ आदि द्वारा वादिनी का रास्ता रोककर बुरी नियत से जबरदस्ती करना, मारपीट करना , गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देने व वादिनी के 700 रूपये छिन लेने के संबंध पंजीकृत किया गया।

दिनांक 06.08.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त नवेद उर्फ कासिफ पुत्र मो0 आलम खाँ, उम्र करीब 25 वर्ष, नि0मो0 तारीन बहादुरगंज, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर रिंगरोड आउटर सुभाष नगर से शहबाज नगर को जाने वाले मार्ग से समय करीब 21.24 बजे 350 रु0/- नगद सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

नवेद उर्फ कासिफ पुत्र मो0 आलम खाँ, नि0मो0 तारीन बहादुरगंज, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर (उम्र करीब 25 वर्ष)

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान-**

दिनांक 06.08.26 को समय करीब 21.24 बजे,थाना सदर बाजार क्षेत्र रिंगरोड आउटर सुभाष नगर से शहबाज नगर को जाने वाले मार्ग से।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 419/2026 धारा 126(2)74/115(2)/352/351(3)/309(4)/317(2) BNS, थाना सदर बाजार,शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

350 रू0/- नगद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 श्री सूरज सिंह थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

2.का0 1757 संजय पोसवाल थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।